मुळा एज्युकेशन सोसायटी

कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय, सोनई

हिंदी विभाग

आयोजित

स्वागत संबोधन समारोह

शैक्षणिक वर्ष 2018–19 के पूर्व नियोजनानुसार दिनांक 30 जुलै 2018 को सुबह 10.30 बजे महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए स्वागत संबोधन समारोह का आयोजन विभाग कक्षा में किया गया। इस आयोजन में हिंदी विभाग के नवप्रवेशित एवं स्नातक कक्षा के सभी विद्यार्थी सम्मिलित हुए । कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. एस.बी. चौधारे जी तथा प्रमुख अतिथि के रूप मराठी विभाग प्रमुख डॉ. निवृत्ती मिसाळ जी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थितों का स्वागत एवं कार्यक्रम का प्रास्ताविक तृतीय वर्ष की छात्रा कु. काजोल वैरागर ने किया। जिसमें इस कार्यक्रम के पीछे का भाव व्यक्त करते हुए कु. काजोल ने विभाग से जुडकर अपने अपने छात्र कर्तव्यों के पालन करने पर जोर दिया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों व अध्यक्ष का पुष्प देकर स्वागत किया गया। बाद में तृतीय वर्ष के विदयार्थी, कार्यक्रम के अतिथि तथा विभाग के प्राध्यापकों के हाथों से पुष्प देकर द्वितीय वर्ष के नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत किया गया।

हिंदी विभाग में नवप्रवेशित छात्रों को विभाग एवं विभाग के द्वारा की जानेवाली विविध गतिविधियों की जानकारी कु. प्राजक्ता होलकर ने कराई। तत्पश्चात द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए स्व–परिचय कार्यक्रम रखा गया, जिसका नियोजन तृतीय वर्ष की छात्रा कु. फलके स्वाती ने किया। प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. निवृत्ती मिसाळ जी ने अपना मंतव्य हिंदी से जुडे अपने अनुभवों को व्यक्त किया। उन्होंने हिंदी भाषा के राष्ट्रीय स्तर के महत्व को बताकर द्वितीय वर्ष के छात्रों को प्रेरणा देकर उनमें भाषा अभ्यास का नव उत्साह भर दिया। साथ ही स्वागत संबोधन से विभाग से जुडने के शैक्षिक उपक्रम को मात्र विधि न मान आपसी संबंधों की पहल कहा, जो जन्मतक निभाना पडता है। विभाग के अध्यापक प्रा. ए. एम. दहातोंडे अपना मंतव्य व्यक्त कर सभी छात्रों का स्वागत किया। एवं प्रत्येक उपक्रम में सम्मिलीत होने विद्यार्थीयों को भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। साथ ही हिंदी विभाग द्वारा कटिबद्ध अनुशासन संबंधी जानकारी दी। अध्यक्षीय भाषण में डॉ. श्वेता चौधारे जी ने इस कार्यक्रम के महत्व एवं विभाग के छात्रों की कार्यक्रम में सहभागिता को लेकर अपना मत व्यक्त किया। भाषिक आत्मविश्वास अनन्यसाधारण मान उसे जीवननिर्वाह के साथ जोडने का मार्ग भी बताया। कार्यक्रम के अंत में विभाग की ओर से उपस्थित सभी के लिए अल्पभोजन का आयोजन किया गया।

इस स्वागत संबोधन कार्यक्रम का सूत्र संचालन तृतीय वर्ष के छात्रा कु. फलके कविता ने किया। तो कार्यक्रम के अंत में विभाग की कु.रानी बुळे ने आभार प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का वृत्तांत लेखन श्री. निलेश शिंदे ने किया।

कुछ क्षणचित्र

कार्यक्रम का सूत्रसंचालन करते हुए कु. फलके कविता एवं उपस्थित अध्यापक

अतिथी डॉ. निवृत्ती मिसाळ का स्वागत करते छात्रा

द्वितीय वर्ष के छात्र का स्वागत करते हुए

नवप्रवेशित विद्यार्थी आत्म परिचय कराते हुए

नवप्रवेशित विद्यार्थी आत्म परिचय कराते हुए

विद्यार्थीयों को मार्गदर्शन करते अध्यापक